अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
अन्सारी नगर, नई दिल्ली-११००२९ (भारत)
ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
ANSARI NAGAR, NEW DELHI - 110029 (INDIA)

दिनांक/Dated : 14.09.2024

अपील

हिंदी दिवस के अवसर पर आप सबको मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

राजभाषा के प्रति सम्मान एवं सरकारी कार्य में हिंदी का प्रयोग लगातार बढ़ते रहने के संकल्प के तौर पर हम हर वर्ष 14 सितंबर को 'हिंदी दिवस' के रूप में मनाते आ रहे हैं। हिंदी एक सरल, समृद्ध और सशक्त भाषा है। इसकी लिपि वैज्ञानिक है तथा यह जैसे लिखी जाती है, वैसे ही बोली जाती है। सरकारी काम-काज में हिंदी को आसानी से प्रयोग में लाया जा सकता है।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली देश का एक प्रमुख चिकित्सा संस्थान है जो चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान एवं रोगी उपचार के माध्यम से सबको सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा उपचार प्रदान करने हेतु समर्पित है। मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि हम अपने संस्थान में आने वाले रोगियों और आम जन हेतु स्वास्थ्य संबंधी सूचनाओं एवं जानकारियों का हिंदी माध्यम से प्रचार-प्रसार करके हिंदी को विश्व भाषा का गौरव प्रदान कराने में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते है। इसकी शुरूआत संस्थान द्वारा काफी पहले से ही जनव्याख्यानों के माध्यम से की जा चुकी है।

आज इस शुभ अवसर पर, मैं आप सभी से निवेदन करता हूं कि हम यह संकल्प लें कि हम सरकारी काम-काज में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करेंगे और हिंदी को विश्व में अंतर्राष्ट्रीय भाषा का दर्जा दिलाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

सधन्यवाद,

श्रीनिवास

(डॉ. एम.श्रीनिवास)

सभी विभाग/अनुभाग/केन्द्र